# शिकायतों का समय से करें निस्तारण




पुलिस कार्यालय में समीक्षा बैठक में मौजूद एएसपी व अन्य। स्रोत-पुलिस

**श्रावस्ती।** एएसपी चंद्रकेश सिंह की अध्यक्षता में रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एएसपी ने लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली और सभी थाना प्रभारियों व विवेचकों को पोर्टल पर प्राप्त शिकायती पत्रों को ससमय निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से आवश्यक संवाद स्थापित कर उसकी समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान करना सभी सुनिश्चित करें। बैठक में सीओ आलोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे। (संवाद)

# बहू-बेटी सम्मेलन में दी जानकारी



बहू-बेटी सम्मेलन में जानकारी देती आरक्षी। स्रोत-पुलिस

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत रविवार को पांच स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। एएसपी चंद्रकेश सिंह ने बताया कि पांच स्थानों पर आयोजित सम्मेलन में 600 से अधिक आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गृहिणियां, विधवा, तलाकशुदा महिलाएं व किशोरियां मौजूद रहीं। सभी को महिला हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व साइबर हेल्पलाइन 1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। (संवाद)